Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding augmentation of railway services in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर का मुख्य एवं बड़ा रेलवे स्टेशन अजमेर में संचालित है। उक्त रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त रेल यातायात सुविधाओं के साथ-साथ नई ट्रेनों के संचालन के साथ-साथ संचालित ट्रेनों के विस्तार और इनके नामकरण कराने की महती आवश्यकता हेतु आप रेल मंत्रालय से रेलवे बोर्ड को निम्नांकित बिन्दुओं पर सक्षम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु आगामी बजट 2022-23 की विभागीय कार्य योजनाओं में सम्मिलित कराकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कराकर मुझे अनुग्रहित करावें। अजमेर से आबूरोड तक डेमू/मेमू ट्रेन का संचालन प्रारम्भ करावें। इस हेतु उत्तर पश्चिमी रेलवे को मेमू रेकों की उपलब्धता कराते हुये आवश्यक बजट का प्रावधान स्वीकृत करावें। उदयपुर-अजमेर-हरिद्वार/ऋषिकेश द्रुतगामी ट्रेन संख्या 19609-19610 का संचालन सप्ताह में 03 दिन किया जा रहा है, जिसे सप्ताह के सातों दिन संचालित करावें। इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। अजमेर-जम्मूतवी ट्रेन संख्या 12413-12414 का संचालन कटरा तक विस्तारित कराकर अजमेर, राजसमन्द, भीलवाडा, नागौर संसदीय क्षेत्र के श्रद्धालुओं को लाभाविन्त करावें। जयपुर-प्रयागराज ट्रेन नम्बर 12403-12404 प्रतिदिन का संचालन अजमेर या पुष्कर तक विस्तार कराकर देश के दो प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों को आपस में सीधा जोडें। अजमेर-तिरुपति बालाजी और चेन्नई के मध्य द्वि-साप्ताहिक ट्रेन का नवीन संचालन प्रारम्भ करावें। वर्तमान में जयपुर/जोधपुर जाकर संचालित ट्रेन से यात्रा करनी पड़ती है।

अजमेर से संचालित गाड़ी संख्या 12987-12988 अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन का नामकरण अजमेर के साथ-साथ भारत के ऐतिहासिक वीर सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम पर‘ पृथ्वीराज चौहान एक्सप्रेस ’एवं गाड़ी संख्या 19607-19608 मदार, अजमेर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का नामकरण विश्वविख्यात जगतपिता ब्रह्मा जी के नाम पर‘ ब्रह्मा एक्सप्रेस ’किया जाए।